भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 3198

मंगलवार, 23 मार्च, 2021/2 चैत्र, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

''देखो अपना देश'' योजना

3198. श्री एम. वी. श्रेयम्स कुमारः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा वेबिनार सीरिज ''देखो अपना देश'' के तहत भारत की समृद्ध धरोहर को बढ़ावा देने के लिए उठाये गये कदमों और पर्यटक स्थलों के नामों का ब्यौरा क्या है;

(ख) किन-किन स्थानों को चिह्नित किया गया है और केरल सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) किन-किन पर्यटक स्थलों में अब तक सर्किट पर्यटक रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने अपने देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने तथा घरेलू पर्यटन के संवर्धन के उद्देश्य से जनवरी, 2020 में देखो अपना देश पहल की शुरुआत की थी। इस पहल के अंतर्गत यह मंत्रालय वेबीनार, ऑनलाइन शपथ, रोड शो, वार्ता एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम जैसे संवर्धनात्मक कार्यकलाप कर रहा है। मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स तथा वेबसाइट और घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों द्वारा देखो अपना देश पहल का व्यापक रूप से प्रचार किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्रालय केरल सहित भारत के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों के संवर्धन के उद्देश्य से देखो अपना देश की समग्र थीम के अंतर्गत एक वेबीनार श्रृंखला का आयोजन कर रहा है। इन वेबीनारो में पर्यटक स्थानों के अतिरिक्त उन गंतव्यों की संस्कृति, विरासत, हस्तशिल्प और खानपान की झलक शामिल होती है। इन वेबीनारों के माध्यम से जिम्मेदार पर्यटन, सुगम पर्यटन, वन्यजीवन, ट्रैकिंग, बायसाइकलिंग तथा मोटरसाइकिल टूर आदि की अवधारणाओं का संवर्धन भी किया जाता है। अभी तक ऐसे कुल 81 वेबीनार आयोजित किए गए हैं। मंत्रालय द्वारा इन सभी वेबीनारो का एक संग्रह तैयार किया जा रहा है और इनके यूट्यूब लिंक पर्यटन मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

(ग): भारतीय रेलवे केटरिंग तथा पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) अखिल भारतीय आधार पर भारत दर्शन ट्रेन चला रहा है। उन पर्यटक स्थलों/गंतव्यों, जहां यह ट्रेन चलाई जाती है, की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

*****

अनुबंध

"देखो अपना देश" योजना के संबंध में दिनांक 23.03.2021 के राज्य सभा लिखित प्रश्न सं. 3198 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

भारत दर्शन ट्रेनों द्वारा कवर किए गए पर्यटक स्थलों की राज्य-वार सूची

क्र. सं.	**पर्यटन स्थल**	**राज्य**
1.	कर्नूल नगर	आंध्र प्रदेश
2.	मल्लिकार्जुनस्वामी	
3.	मंत्रालयम	
4.	तिरुपति	
5.	विशाखापत्तनम	
6.	कामाख्या	असम
7.	गया	बिहार
8.	नालंदा	
9.	पारसनाथ	
10.	पटना साहिब	
11.	राजगीर	
12.	सीतामढ़ी	
13.	दिल्ली	दिल्ली
14.	गोवा	गोवा
15.	अहमदाबाद	गुजरात
16.	द्वारका	
17.	नागेश्वर	
18.	पोरबंदर	
19.	राजकोट	
20.	सोमनाथ	
21.	सूरत	
22.	एकता की मूर्ति (केवडिया)	
23.	साबरमती	
24.	कुरुक्षेत्र	हरियाणा
25.	श्रीनगर	जम्मू और कश्मीर
26.	वैष्णो देवी	
27.	बैजनाथ	झारखंड
28.	ऐहोल	
29.	बदामी	

30.	बांदीपुर	कर्नाटक
31.	बैंगलोर	
32.	बीजापुर	
33.	हम्पी	
34.	मैसूर	
35.	नव वृन्दावनम्	
36.	पत्तदकल	
37.	श्रवणबेलगोला	
38.	एर्नाकुलम	केरल
39.	गुरुवायुर	
40.	कोचुवेलि	
41.	कुमारकोम	
42.	सन्तगिरी आश्रम	
43.	तिरुवनंतपुरम	
44.	ग्वालियर	मध्य प्रदेश
45.	इंदौर	
46.	खजुराहो	
47.	महू	
48.	ओंकारेश्वर	
49.	उज्जैन	
50.	औरंगाबाद	महाराष्ट्र
51.	भीमशंकर	
52.	गृष्नेश्वर मन्दिर	
53.	कोल्हापुर	
54.	मुंबई	
55.	नागपुर	
56.	नांदेड़	
57.	नासिक	
58.	पंढरपुर	
59.	परभनी	
60.	पार्ली वैजनाथ	
61.	पुणे	
62.	शिरडी	
63.	त्रयंबकेश्वर	
64.	लुम्बनी	नेपाल
65.	भुवनेश्वर	

66.	कोणार्क	ओडिशा
67.	पुरी	
68.	अमृतसर	पंजाब
69.	चंडीगढ़	
70.	अजमेर	राजस्थान
71.	बीकानेर	
72.	चित्तौड़गढ़	
73.	जयपुर	
74.	जैसलमेर	
75.	जोधपुर	
76.	माउंट आबू	
77.	नाथद्वारा	
78.	पुष्कर	
79.	रणथंभौर	
80.	उदयपुर	
81.	चट्टिनाड	तमिलनाडु
82.	कांचीपुरम	
83.	कन्याकुमारी	
84.	कुम्भकोणम	
85.	मदुरै	
86.	महाबलीपुरम	
87.	रामेश्वरम	
88.	श्रीरंगम	
89.	तंजावुर	
90.	तिरुचिरापल्ली	
91.	त्रिचि	
92.	वेलंकनी	
93.	हैदराबाद	तेलंगाना
94.	आगरा	उत्तर प्रदेश
95.	इलाहाबाद	
96.	अयोध्या	
97.	चित्रकूट	
98.	फतेहपुरी सिकरी	
99.	कुशीनगर	
100.	लखनऊ	
101.	मथुरा	

102.	नैमिषारण्य	
103.	सारनाथ	
104.	श्रावस्ती	
105.	वाराणसी	
106.	वृंदावन	
107.	हरिद्वार	उत्तराखंड
108.	ऋषिकेश	
109.	गंगासागर	पश्चिम बंगाल
110.	कोलकाता	
111.	नंदीग्राम	
112.	शालीमार	

*****